दिन–मंगलवार दिनांक– 25 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार होंगे। श्री बिरला ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। इधर, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने इस पद के लिए कांग्रेस के सांसद के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। के. सुरेश ने भी अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। विपक्ष का उम्मीदवार खड़ा कर दिये जाने से अध्यक्ष पद के लिए कल चुनाव कराया जायेगा। इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में असफल रहे है। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुये केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व से बात की गयी लेकिन वे अपनी शर्तों पर अड़े हुये हैं। विपक्ष के नेता श्री बिरला की उम्मीदवारी पर समर्थन देने से पहले उपाध्यक्ष के नाम की घोषणा करने पर जोर दे रहे थे। श्री गोयल ने कहा कि उन्हें सूचित कर दिया गया है कि उपाध्यक्ष का मुद्दा इसके चुनाव के समय निपटाया जाएगा।

इससे पहले, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष, अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार है, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए विपक्षी पार्टी का उम्मीदवार होना चाहिए। हमारे संवाददता ने बताया है कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव स्वाधीनता के समय से बिना किसी प्रतिस्पर्धा के होता रहा है, लेकिन यह पहली बार है, जब इस पद के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है।

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के नेता चिराग पासवान ने लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर विपक्षी इंडिया गठबंधन के रुख पर सवाल उठाया है। संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष के लिए समर्थन देने को लेकर जिस तरह से उपाध्यक्ष के पद की शर्त लगाई है वह सही नहीं है। श्री पासवान ने कहा कि उन्हें याद नहीं आता कि आजादी के बाद कभी लोकसभा अध्यक्ष के पद पर चुनाव हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि इस पद के लिए चुनाव होता है तो भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार श्री ओम बिरला की जीत निश्चित है।

देश में आपातकाल लगाये जाने की आज पचासवीं बरसी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट जारी कर आपातकाल का विरोध करने वाले महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि कैसे बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर भारत के संविधान को कुचल दिया गया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। श्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्हें संविधान के प्रति प्रेम जताने का कोई अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया वह मानसिकता उस पार्टी में आज भी जीवित है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च–स्तरीय समिति की कल पहली बैठक हुई। समिति दो महीने में शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। समिति के अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति की प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना है जिसके लिए उनसे बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति छात्रों की कठिनाइयों और तनाव को कम करने के उद्देश्य से एक मजबूत प्रणाली विकसित करने पर भी विचार कर रही है। समिति मौजूदा प्रक्रियाओं का मूल्यांकन, सुधार के सुझाव और एनटीए में स्पष्ट भूमिकाओं तथा जिम्मेदारियों को परिभाषित करेगी।

———————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता से राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा हुई है। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज सुबह से बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी सम्भावना है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से खराब मौसम के समय सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की है। प्राधिकरण ने परामर्श जारी कर लोगों से कहा है कि बारिश के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न जाए।

———————————————————————————

बोध गया स्थित बीएएसपी–थ्री ग्राउंड पर आज से अग्निवीर भती रैली शुरू हो गई है। यह रैली उनतीस जून तक चलेगी। सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल राहुल द्विवेद्वी ने बताया कि रैली में अरवल, औरंगाबाद, जमुई और शेखपुरा समेत ग्यारह जिलों के शॉर्टलिस्ट किये गये लगभग साढ़े पांच हजार पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सितम्बर महीने तक अंतिम परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।